खबर मन्त्र http://khabarmantra.live जमशेदपुर चाईबासा

बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में आइटी मैनेजमेंट सिस्टम की हुई शुरुआत

खबर मन्त्र ब्यूरो

पाठम की लॉचिंग के अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ एसके सिंह, प्रिंसिपल व अन्य।

जमशेदपुर। बिहार एसोसिएशन के अंतर्गत संचालित बी ए कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नेलजी (बीएसीइटी) एवं राजेंद्र विद्यालय, घुटीया यूनिट में कोल्हान की अग्रणी आइटी कंपनी 'आइटी साइन्ट' द्वारा निर्मित ई-लर्निंग साफ्टवेयर 'पाठम' का विधिवत शुभारंभ किया गया, जो प्रधानमंत्री की योजना 'लोकल फॉर वोकल' को चरितार्थ करता है। 'पाठम' साफ्टवेयर के द्वारा छात्र छात्राएं अपनी पढ़ाई आसानी एवं सुचारु रूप से कर सकेंगे जिससे ऑनलाइन होमवर्क, टेस्ट, इ-बुक्स, वीडियो छात्रों को उपलब्ध होगा। साथ ही इसमें कॉलेज, स्कूल का प्रशासनिक कार्य जैसे एडमिशन, फी, अटेंडेंस, ट्रांसपोर्ट, डाटा मैनेजमेंट, आदि सुविधा भी उपलब्ध है। इसके द्वारा आनलाइन एग्जामिनेशन, मूल्यांकन, परीक्षाफल आदि कार्य भी आसानी से किया जा सकता है।

आइटी साइंट के अनुसार इस सॉफ्टवेयर में वह सभी सुविधा उपलब्ध है जो बाजार में उपलब्ध किसी एक सॉफ्टवेयर में नहीं मिलता है। इस साफ्टवेयर के शुरू होने से अभिभावक भी अपने बच्चों के ऑनलाइन परफरमेंस एवं उनकी दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं तथा आनलाइन शिक्षकों से सम्पर्क भी कर सकते हैं।

इस मौके पर बीएसीइटी के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने कहा कि हमारा कॉलेज राज्य का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज है जहां 'पाठम' की शुरुआत हो रही है। इ[illegible] मौके पर स्कूल सेक्रेटरी विवेका[illegible] स्कूल प्रिंसिपल सुश्री खुशबू ठा[illegible] एवं आइटी साइंट निर्देशक सुमंत सिंह मौजूद थे।

बीए इंजीनियरिंग कॉलेज में कॉलेज आइटी मैनेजमेंट सिस्टम की शुरुआत

जमशेदपुर. बिहार एसोसिएशन के अंतर्गत संचालित बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसीइटी) और राजेंद्र विद्यालय घुटीया यूनिट में कोल्हान की आइटी कंपनी आइटी साइंट द्वारा निर्मित इ-लर्निंग सॉफ्टवेयर पाठम का विधिवत शुभारंभ किया गया. पाठम सॉफ्टवेयर के द्वारा छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई आसानी व सुचारु रूप से कर सकेंगे. जिससे ऑनलाइन होमवर्क, टेस्ट, इ-बुक्स, वीडियो छात्रों को उपलब्ध होगा. साथ ही इसमें कॉलेज व स्कूल के एडमिशन, फी, अटेंडेंस, ट्रांसपोर्ट, डाटा मैनेजमेंट जैसे प्रशासनिक कार्य भी हो सकेंगे. इसके द्वारा ऑनलाइन एग्जामिनेशन, मूल्यांकन, परीक्षाफल कार्य भी हो सकेगा. इस सॉफ्टवेयर के शुरू होने से अभिभावक भी अपने बच्चों के ऑनलाइन परफॉरमेंस एवं उनकी दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों पर नजर रख सकेंगे. इस मौके पर बीएसीइटी के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह ने कहा कि बीए इंजीनियरिंग कॉलेज राज्य का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज है, जहां पाठम की शुरुआत हो रही है. इस मौके पर स्कूल सेक्रेटरी विवेकानंद, स्कूल की प्रिंसिपल खुशबू ठाकुर व आइटी साइंट के डायरेक्टर सुमंत सिंह मौजूद थे.